भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

बेहतर यात्री सेवाओं सहित तूतीकोरिन हवाई अड्डे को जल्द ही मिलेगा नया टर्मिनल भवन

नई दिल्ली, 17 सितंबर , 2024: बढ़ते यात्री यातायात और बेहतर सेवाओं और संपर्कता की मांग को पूरा करने के लिए, भाविप्रा के तूतीकोरिन हवाई अड्डे का बड़े पैमाने पर उन्नयन किया जा रहा है, जिसमें 381 करोड़ रुपये की लागत से ए-321 प्रकार के विमानों के प्रचालन के लिए रनवे का विस्तार, नए एप्रन, नए टर्मिनल भवन, तकनीकी ब्लॉक सह नियंत्रण टावर और नए अग्निशमन स्टेशन का निर्माण शामिल है।

14 सितंबर, 2024 श्री एम। सुरेश, अध्यक्ष भा वि प्रा द्वारा तूतीकोरिन हवाई अड्डा परियोजना स्थल का दौरा किया गया और हवाई अड्डे पर चल रहे उन्नयन कार्यों की समीक्षा की गयी। 17500 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला, एयरपोर्ट का नया टर्मिनल भवन व्यस्ततम समय में 1440 यात्रियों और वार्षिक 20 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान करेगा। नए भवन में तीन एयरोब्रिज के प्रावधान के साथ सभी आधुनिक सुविधाएं और यात्री सुख-सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

नया टर्मिनल फोर स्टार GRIHA रेटेड ऊर्जा दक्ष भवन होगा जिसमें संधारणीयता विशेषताएं होंगी। हवाई अड्डे के विकास परियोजना में मौजूदा रनवे का 1350 मीटर से 3,115 मीटर तक विस्तार भी शामिल है, जिससे हवाई अड्डे को -321 प्रकार के विमानों के प्रचालन के लिए उपयुक्त बनाया जा सकेगा। नए एटीसी टावर सह तकनीकी ब्लॉक, फायर स्टेशन, पांच एयरबस-321 प्रकार के विमानों की पार्किंग के लिए एप्रन का विस्तार, आइसोलेशन बे का निर्माण होगा। लिंक टैक्सी ट्रैक और पार्ट पैरेलल टैक्सी ट्रैक भी परियोजना का हिस्सा है।

वर्तमान में, तूतीकोरिन हवाई अड्डा चेन्नई और बेंगलुरु से छह दैनिक उड़ानों के साथ जुड़ा हुआ है। हवाई अड्डा वर्तमान में व्यस्ततम समय के दौरान 156 यात्रियों और वार्षिक तीन लाख यात्रियों को सेवा देने और एटीआर प्रकार के विमानों को संभालने में सक्षम है। हवाई अड्डे के उन्नयन से न केवल स्थानीय समुदाय की बढ़ी हुई यात्री सेवाओं की मांग पूरी होगी, बल्कि तूतीकोरिन और पड़ोसी जिलों जैसे तिरुनेलवेली, तेनकासी और कन्याकुमारी, नागरकोइल और विरुदुनगर में व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा ।

नये टर्मिनल भवन का निर्माण कार्य और इसे आरंभ किया जाना तथा रनवे का विस्तार दिसंबर, 2024 तक पूरा होने की संभावना है।

निगमित संचार संचार निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया म.प्र (सीसी) से संपर्क करें: 011- 20818228

प्रेस विज्ञप्ति संख्या 07 /2024-25